अमर उजाला 21/09/2025

# छात्रों को दिया संचार कौशल और मंच साहस का ज्ञान

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की लैंग्वेज लैब, यंग स्पीकर्स क्लब, कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर और कॅरिअर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार छात्रों में संचार कौशल और मंच साहस का विकास विषय की तकनीक पर आधारित रहा।

संस्थापक एवं निदेशक, फ्रेंचयार्ड ने वृंदा अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए संचार को व्यावसायिक सफलता की नींव बताया। सह-निदेशक अखिल दहिया ने मंच प्रस्तुति के लिए आत्मविश्वास विकसित करने की तकनीकों पर प्रकाश डाला। इस सत्र में कुल 50 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और ब्रेन ड्रेन के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। संवाद